मूल्य/धर्मार्थ : 1 पैसा
(केवल बहाईयों में वितरण हेतु)

बहाई समाचारपत्र

Licenced to post without Pre-Payment Posted at DPSO
New Delhi on 10/11.07. 2021

Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg. New Delhi - 110 001 - INDIA

वर्ष : 57 अंक 07 प्रकाशन : प्रत्येक माह की 8 तारीख
जुलाई 2021 बहाई वर्ष : 177–78

विश्व न्याय मन्दिर

संविदा दिवस से लेकर अब्दुल बहा के स्वर्गारोहण के स्मरणोत्सव तक की इस अवधि में प्रत्येक बहाई का हृदय उनकी याद से रोमांचित है जो ईश्वर के रहस्य, बहाउल्लाह की अभेद्य संविदा के केन्द्र, मानवता की एकता के प्रेरणास्रोत, प्रत्येक बहाई आदर्श के मूर्त रूप, परम शक्तिशाली शाखा हैं जिनके तले सभी आश्रय पा सकते हैं। उनका असीमित प्रेम और कोमल सहृदयता आपको आश्वस्त करे तथा अवलंबन प्रदान करे, जब आप उनके इच्छा पत्र और दैवीय योजना द्वारा आप को सौंपे गये विश्वास को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

–26 नवम्बर, 2018

झारखण्ड में रूही पुस्तक–9 का अध्ययन

झारखण्ड में राज्य स्तर पर रूही पुस्तक 9 (शाशवत संविदा) का अध्ययन वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 25 मई 2021 से 17 जून 2021 तक संपन्न हुआ। पुस्तक के सह–शिक्षक महाद्वीपीय सलाहकार थे। पुस्तक को लगभग 17 मित्रों ने पूर्ण रूप से सम्पन्न किया। जो झारखण्ड के विभिन्न समुदाय समूहों से शामिल हुए थे। पुस्तक को करने का विशेष उद्देश्य था कि संविदा की शक्ति से परिचित होना तथा बहाउल्लाह की संविदा में और अधिक दृढ़ होना। पुस्तक का अध्ययन प्रत्येक दिन प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक किया जाता था। मित्रों ने पुस्तक के माध्यम से जाना की जब हम संविदा में दृढ़ होते हैं तो हम ईश्वरीय कृपाओं को ग्रहण करते हुए बुराइयों से दूर रहते हैं और जब संविदा से दूर होते हैं तो हम शून्य मात्र की भांति इस संसार में भटकते रहते हैं। साथ ही, हमने जाना की शाशवत संविदा के भाग में ईश्वर ने जो मानवजाति से वादा किया तथा उसे उन्होंने हमेशा पूरा किया है और हम मनुष्यों का भी कर्तव्य है कि ईश्वरीय अवतारों को पहचानते हुए उनके बताये सिद्धांतों पर चलते हुए संविदा के अपने भाग को पूरा करे।

पुस्तक के अध्ययन के दौरान अभ्यासों की सहायता से भी बहुत कुछ सीखने में मदद मिली। पुस्तक में बहाउल्लाह, अब्दुल बहा, शोगी एफेन्दी एवं विश्व न्याय मंदिर के लेखों, किताब–ए–ईकान, किताब–ए–अकदस इत्यादि से संकलित उद्दरणों का भी अध्ययन किया गया। जो शाशवत संविदा के महत्व को परिभाषित करते हैं। साथ ही, इन्हें याद भी करने का प्रयास किया गया। अध्ययन के उपरांत एक योजना भी बनाई गई की कैसे अधिक से अधिक मित्रों को शाशवत संविदा में दृढ़ रहने हेतु इस पुस्तक का एवं अन्य पुस्तकों का अध्ययन कैसे कराया जाये । इससे संदर्भित सभी प्रतिभागियों ने अपनी एक अध्ययनवृत्त कक्षा की योजना भी तैयार की।



झारखण्ड में रूही पुस्तक–9 का अध्ययन करने वाले मित्रगण

इस अंक में

कोविड की दूसरी लहर के दौरान मध्यप्रदेश में किए गए सेवा कार्य

मध्य प्रदेश में कोविड–19 के दूसरे चरण के दौरान, जब इस बीमारी ने समुदाय को भयभीत कर दिया, तो यह बीमारी अपने साथ सभी के लिए भ्रम, भय और चिंता की स्थिति लेकर आई। ऐसे में ग्वालियर के बहाइयों की स्थानीय आध्यात्मिक सभा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए एक बैठक का आयोजन किया और इस बैठक में सभी बहाइयों से सुझाव प्राप्त किए गए, जिसके बाद समुदाय के लिए निम्नलिखित कार्य किए गए :–

1. सबसे पहले, सभी के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 6264740124 जारी किया गया, ताकि समुदाय फोन पर बीमारी के संबंध में अपने विभिन्न प्रश्नों का उत्तर प्राप्त कर सके। प्रश्नों के सटीक उत्तर दिये गये और सभी को इस महामारी से लड़ने के लिए सावधानियों के बारे में बताया गया, जिससे उनका मनोबल भी बढ़ा।

2. समुदाय की प्रतिरोधक शक्ति को विकसित करने के लिए नियमित रूप से वर्चुअल माध्यम से योग कक्षाएं आयोजित की गईं, जिससे बहुत से लोगों को लाभ हुआ और इस भयावह स्थिति में मजबूत रहने की प्रवृत्ति विकसित हुई। उन्होंने खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत किया। योग कक्षाओं की लोगों ने खूब सराहनीय की।

3. 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर टीका जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण केंद्रों पर ले जाया गया और टीकाकरण केंद्रों की जानकारी भी प्रदान की गई ताकि उन्हें टीका



कोविड की दूसरी लहर के तहत बहाई युवा लोगों की मदद करते हुए

शेष पृष्ठ 4 पर

1 जुलाई 2021 से 26 नवम्बर 2026 तक के लिए नियुक्त सहायक मण्डल सदस्य

श्री राजा वेंकट नागेंद्र बेथा	संरक्षण	आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना
श्री कार्तिक कुमार	प्रसार	आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना
श्री सारकी वामसी	प्रसार	आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना
श्री दानस्वरंग बासुमतारी	संरक्षण	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नागालैंड
श्रीमती प्रियंका मजूमदार	संरक्षण	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नागालैंड
श्री अमरजीत चौधरी	प्रसार	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नागालैंड
श्री बिस्वजीत डेका	प्रसार	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नागालैंड
श्री नंदन कुमार	संरक्षण	बिहार
श्री राजीव कुमार	संरक्षण	बिहार
श्री अभिनंदन शर्मा	संरक्षण	बिहार
श्री रजनीश सिंह	संरक्षण	बिहार
श्री अजय कुमार	प्रसार	बिहार
श्री बलराम कुमार	प्रसार	बिहार
श्री बिनोद कुमार	प्रसार	बिहार
श्री राकेश राज	प्रसार	बिहार
श्री रोहित कुमार तिवारी	प्रसार	बिहार
श्री खेम लाल ठाकुर	संरक्षण	छत्तीसगढ़
श्री भीमसेन साहू	प्रसार	छत्तीसगढ़
श्रीमती नामेश्वरी साहू	प्रसार	छत्तीसगढ़
श्री जयेश भोय	संरक्षण	गुजरात
श्रीमती सुमित्रा राजेश अहिरे	प्रसार	गुजरात
श्री विजय गावित	प्रसार	गुजरात
श्रीमती उमा कुमारी दलाई	संरक्षण	झारखण्ड
श्री गुरुचरण सिंह	संरक्षण	झारखण्ड
श्रीमती श्वेता फ्रांसिस	प्रसार	झारखण्ड
श्री सुरेश सिंह	प्रसार	झारखण्ड
श्रीमती शीला	संरक्षण	कर्नाटक
श्रीमती चैत्रा उमाशंकर	संरक्षण	कर्नाटक
डॉ. महताब येगनागी	प्रसार	कर्नाटक एवं मालदीव
श्री वलियापुरा गोपालकृष्णन	संरक्षण	केरल
सुश्री मदथिंकल भास्करन जैर्थी	संरक्षण	केरल
श्री दिनेश कुशवाह	संरक्षण	मध्य प्रदेश
श्री जयदीप महालती	संरक्षण	मध्य प्रदेश
श्री लखन अकोले	प्रसार	मध्य प्रदेश
श्री हुकुम चंद	प्रसार	मध्य प्रदेश
श्रीमती परवाने जावनमर्दी	संरक्षण	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्री मिथुन कुमार कांबले	संरक्षण	महाराष्ट्र एवं गोवा
डॉ. सिना मोतलेबी	संरक्षण	महाराष्ट्र एवं गोवा
डॉ अफसाने मोतीवाला	संरक्षण	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्री किशोर सीताराम पथारे	संरक्षण	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्री दीपक विक्रम पवार	संरक्षण	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्री भैया साहेब शिरखे	संरक्षण	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्री कन्हैया तानाजी भोसले	प्रसार	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्री सदाशिव बापुरया कमलापुरे	प्रसार	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्री मनोज शाम पथारे	प्रसार	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्रीमती वेलेंटीना भार्गव सोहेली	प्रसार	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्री विकास रमेश सुतार	प्रसार	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्री अजय प्रभाकर वाघ	प्रसार	महाराष्ट्र एवं गोवा
सुश्री थौनाओजम हरिबाती देवी	संरक्षण	मणिपुर एवं मिजोरम
श्रीमती थोंग्राम सुनीता	संरक्षण	मणिपुर एवं मिजोरम
श्रीमती सोइबम नूरी देवी	प्रसार	मणिपुर एवं मिजोरम
श्री पूयम जिपेन सिंह	प्रसार	मणिपुर एवं मिजोरम
श्रीमती मनोस्विनी नायक	संरक्षण	उड़ीसा
श्री अनंगा पटेल	संरक्षण	उड़ीसा
श्री सुकांत कुमार राउत	संरक्षण	उड़ीसा
श्री सुकांत कुमार सेठी	प्रसार	उड़ीसा
श्री हिमांशु रंजन सेठी	प्रसार	उड़ीसा
श्री सुनील सुनयानी	प्रसार	उड़ीसा
श्री रोहित	संरक्षण	पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर
सुश्री जया कुमारी	संरक्षण	पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर
सुश्री नेहा मचाल	प्रसार	पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर
श्री सागर	प्रसार	पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर
सुश्री बनवारी चंदवाड	संरक्षण	राजस्थान
श्री शिवचरण देव	प्रसार	राजस्थान
श्रीमती देवीकला लामा	संरक्षण	सिक्किम एवं दार्जिलिंग
श्रीमती सृजना तमांग लामा	संरक्षण	सिक्किम एवं दार्जिलिंग
सुश्री एतू डोमा शेरपा	संरक्षण	सिक्किम एवं दार्जिलिंग
सुश्री गंगा विश्वकर्मा	प्रसार	सिक्किम एवं दार्जिलिंग
सुश्री फरिश्ता राय	प्रसार	सिक्किम एवं दार्जिलिंग
श्री आकाश थापा	प्रसार	सिक्किम एवं दार्जिलिंग एवं भूटान
डॉ. अनीस अख्तरखावरी	संरक्षण	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी, एवं मालदीव
श्री सुंदरमूर्ति जेसुदास	संरक्षण	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्रीमती पांडी उमा जयकुमार	संरक्षण	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्री अंबरसन मोहनबाबू	संरक्षण	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्री कन्नन राजगोपाल	संरक्षण	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्रीमती शिवारंजनी बी.	प्रसार	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्री चंद्रशेखर गोबलकनन	प्रसार	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्री प्रकाश करुप्पैया	प्रसार	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्री राजकुमार कृष्णन	प्रसार	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्री रंगासामी राजेंद्रन	प्रसार	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्री दिलीप दास	संरक्षण	त्रिपुरा
श्रीमती दीपा नियोगी देब	संरक्षण	त्रिपुरा
श्री गोपाल अचार्जी	प्रसार	त्रिपुरा
सुश्री बिजया रॉय	प्रसार	त्रिपुरा
श्री अंशुल भगेल	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री दिनेश चंद्र	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री संतोष कुमार	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री विनोद कुमार	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
डॉ. अमन मोहाजर	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री रफीक मोहम्मद	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्रीमती संध्या	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री दुर्गा प्रसाद सिंह	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री घनश्याम सिंह	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री रामपाल सिंह	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
डॉ. सुचित सिंह	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री मनोज कुमार यादव	संरक्षण	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
डॉ. सुकुमार डे	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री मनोज कुमार	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री सरोज कुमार	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री सिथलेश कुमार	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री सुरजीत कुमार	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
सुश्री पूजा कुमारी	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री दीपेंद्र मिश्रा	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री सुबोध कुमार पाल	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्रीमती पूजा	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्रीमती उर्मिला	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
सुश्री सोनी वर्मा	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री अंकुर यादव	प्रसार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्रीमती सुजिता आलम	संरक्षण	पश्चिम बंगाल
श्री जयंत कुमार	संरक्षण	पश्चिम बंगाल
श्री विद्युत कुंभाकर	संरक्षण	पश्चिम बंगाल
श्री श्यामल महतो	संरक्षण	पश्चिम बंगाल
श्री झंटू खुंभाकर	प्रसार	पश्चिम बंगाल
श्रीमती ज्योत्सना महतो	प्रसार	पश्चिम बंगाल
श्री सनातन महतो	प्रसार	पश्चिम बंगाल
श्री राम उदेश्य पासवान	प्रसार	पश्चिम बंगाल

सेवामुक्त सहायक मण्डल सदस्य

श्री शांति मूर्ति नायडू	आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना
श्री सुधाकर कल्याणी सद्दाला	आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना
श्री जिथ पाल कलिता	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नागालैंड
श्री चिन्मय मजूमदार	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नागालैंड
श्रीमती सुनीता राय	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नागालैंड
श्रीमती अनुभा श्रेष्ठा	बिहार
श्रीमती मन्ना रानी दास	छत्तीसगढ़
श्री जितेंद्र बागुल	गुजरात
श्री रतिलाल गावित	गुजरात
श्री शैलेन्द्र प्रसाद	झारखण्ड
श्रीमती सुमन सेन	झारखण्ड
श्री होसुर नंजेगौड़ा चंद्रशेखर	कर्नाटक
श्रीमती अर्चम्मा सुधाकर	कर्नाटक
श्रीमती समा महालती	मध्य प्रदेश
श्रीमती आशा मोर	मध्य प्रदेश
श्री पूरनचंद पाण्डेय	मध्य प्रदेश
श्री हरीश शर्मा	मध्य प्रदेश
श्री कबीर इंदौरवाला	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्रीमती सुनीति जावनमर्दी	महाराष्ट्र एवं गोवा
श्री रबीचंद्र सगोलशेम	मणिपुर एवं मिजोरम
डॉ. कोइजम तोम्बा सिंह	मणिपुर एवं मिजोरम
श्री कबीर नाथ नायक	उड़ीसा
श्री शंकर मांझी	उड़ीसा
श्री संतोष रेक्सा	उड़ीसा
श्री नंद किशोर	पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर
श्री राजनंदनी मंडल	पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर
श्री राजेश मीणा	राजस्थान

शेष पृष्ठ 3 पर

देवलाली में बच्चों की कक्षा के लिए पहल

जिस तरह से पिछले दो वर्षों से कोविड ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट लिया है, महाराष्ट्र भी उससे अछूता नहीं रहा है। उसके 17 जिलों में भी कोविड ने अपना भयावह रूप दिखाया है।

देवलाली के चारणवाड़ी में कोरोना से 11 बहाईयों की मौत हुई। पिछले 2 वर्षों से देवलाली में स्कूली बच्चों की पढ़ाई रुकी हुई चित्र तथा 1 से 100 तक टेबल आदि को प्रदर्शित किया जाये।

सभी मित्रों ने विचारों में एकता को रखकर सुझाव को योजना में परिवर्तन किया। इस कार्य के लिए टास्क फॉर्स को गठित किया गया। इस कार्य के लिए चारणवाड़ी के परिवारों के साथ परामर्श करना जरुरी था क्योंकि उनके घरों की दीवारों को पेंट करना था इस पर



देवलाली में बहाई मित्रों द्वारा बच्चों की कक्षा के लिए किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप बच्चे कक्षा में पढ़ते हुए

थी। एक सामुदायिक प्रार्थना के दौरान चारणवाड़ी के परिवारों द्वारा स्थानीय आध्यात्मिक सभा देवलाली को सुझाव दिया की क्या सभा द्वारा बच्चों की पढ़ाई के लिए कुछ पहल हो सकती है ?

इस प्रश्न को लेकर देवलाली टीम ने बैठक की और तरह तरह के सुझाव मिले और इन सुझावों में एक सुझाव था कि चारणवाड़ी में 200 से अधिक बच्चे हैं हमें ऐसा करना चाहिए की चारणवाड़ी के हर घर की दीवार को पेंट करना चाहिए जिसमें पहली से लेकर पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई को चित्रकला के माध्यम से दर्शाया जाये, जिसमें वर्णमाला, क, ख, ग, घ, फलों और फूलों के नाम और परिवारों के समूहों के संचालकों से परामर्श किया गया और पूरे चारणवाड़ी को पेंट करने की अनुमति मिली। 25 मई से लेकर 3 जून तक चारणवाड़ी को पेंट किया गया और इस कार्य को अंजाम दिया गया।

4 जून से चारणवाड़ी में बच्चे उन दीवारों के सामने बैठकर अपनी पढ़ाई को पूरी कर रहे हैं, जिसके लिए चारणवाड़ी के स्थानीय बहाई शिक्षक मदद कर रहे हैं। लगातार बच्चों की पढ़ाई होने के कारण अब उनमें कुछ बदलाव नजर आने लगे हैं, जिसके परिणामस्वरूप चारणवाड़ी के समुदाय द्वारा स्थानीय आध्यात्मिक सभा को धन्यवाद कहा और प्रसन्न्ता व्यक्त की।

सेवामुक्त सहायक मण्डल सदस्य

पृष्ठ 2 का शेष

श्री संदीप विश्वकर्मा	सिक्किम एवं धारजीलिंग
श्री अर्जुन कुमार छेत्री	सिक्किम एवं धारजीलिंग
श्रीमती वेश कुमारी सुब्बा	सिक्किम एवं धारजीलिंग
श्री बेहरूज अख्तरखवरी	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्रीमती इंदिरा विनोथ कुमार	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्रीमती कस्तूरीबाई नारायणसामी	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्री वेंकटेशन पोन्नुस्वामी	तमिलनाडु एवं पुडुचेरी
श्री उत्तम दास	त्रिपुरा
श्री तबरीज आलम	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्रीमती शिल्पी गुप्ता	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री धर्मेंद्र कुमार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री रणधीर कुमार	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
डॉ. हमीद मोहाजर	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री चंदकिशोर मौर्य	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री अरविंद सिंह	उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड
श्री सिब चिक बराइक	पश्चिम बंगाल
श्रीमती सिमिन हेममती	पश्चिम बंगाल
श्रीमती बेला रानी महतो	पश्चिम बंगाल

बहाई विवाह



गुजरात के पिपलदाहद क्लस्टर के खम्बला समुदाय के श्री सोमनाथ धेदुभाई गावित और उमरकुई क्लस्टर की सुश्री काजल दिनुभाई पवार का विवाह 7 फरवरी, 2021 को बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।



गुरूग्राम के श्री गौतम चौधरी और सुश्री पूजा मंडल का विवाह 24 अप्रैल, 2021 को स्थानीय बहाई आध्यात्मिक सभा गुरूग्राम के तत्वावधान में बहाई विधिविधान के अनुसार संम्पन हुआ।



गुजरात के अहवा क्लस्टर के नंदनपेडा समुदाय की सुश्री मोना अमृत अहिरे और पीपलघोड़ी समुदाय के श्री सतीश तुकाराम राउत का विवाह 13 जून, 2021 को बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।



गुजरात के गलकुंड क्लस्टर के इसदर समुदाय के श्री संजयभाई मंगल्याभाई पवार और सापुतरा क्लस्टर के गुंडवहल समुदाय की सुश्री उर्मिलाबेन सोनूभाई पवार का विवाह 13 जून, 2021 को बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।

Regd. No. DELHIN / 1966 / 04204 | Delhi Postal Regd No. DL (ND) 11/6036/2021-22-23
New Delhi P.S.O. | Licensed to post without pre-payment No. U (C)-52/2018-19-20

अब्दुल बहा के स्वर्गारोहण की शताब्दी के अवसर पर प्रेरणात्मक कहानी

युवा बहाई नोरा क्रासली ने अमेरिका में मन्दिर निर्मित होने की बात सुनी। उसके पास कोष में देने के लिए कोई राशि नहीं थी परन्तु उपासना मन्दिर के निर्माण में योगदान देने की तीव्र इच्छा थी। अतः उसने अपनी सबसे कीमती चीज, अपने सुंदर लम्बे बाल दे दिये। उसने अपने बालों को कटवाकर मन्दिर निर्माण के लिए बेचने के लिए डॉ. एसलमौंट के पास एक पर्ची के साथ भेज दिया, जिस पर लिखा हुआ था, "आपको मेरा यह योगदान विचित्र लगेगा लेकिन मैं बहुत ही निर्धन हूँ और कोई धनराशि नहीं भेज सकती, इसलिये मैंने अपने बाल काट दिये हैं........मैं मानती हूँ कि यह एक त्याग है क्योंकि यह मेरी सुंदरता थी जो मेरे पास थी लेकिन यह उसकी तुलना में कुछ भी नहीं जो मास्टर ने मुझे दी है......मैं अपना जीवन तक दे दूँगी यदि जरुरत पड़ी तो.......।"

वह पत्र अब्दुल–बहा के पास भेजा गया जिन्होंने उसे लिखा, "ओ आभा साम्राज्य की मेरी प्यारी बेटी, जो पत्र तुमने डॉ. एसलमौंट को भेजा था, वह उन्होंने 'कामना की भूमि' (पवित्र भूमि) भेज दिया है। मैंने अत्यधिक ध्यान से पढ़ा। एक तरफ तो इसने मेरे हृदय को गहराई से स्पर्श किया कि तुमने इस संसार से अनासक्ति और ईश्वर के साम्राज्य की राह में बलिदान की भावना की कैंची से अपने सुन्दर केशों को काट दिया और दूसरी ओर मैं बहुत ही प्रसन्न हूँ उस प्यारी बेटी के लिए जिसने अपने शरीर के एक कीमती हिस्से को ईश्वर के धर्म की राह में देकर आत्मत्याग की भावना दिखाई है। यदि तुमने मेरी राय मांगी होती तो मैंने कभी तुम्हें अपने सुन्दर और लहरदार केशों की एक लट तक काटने नहीं दिया होता बल्कि मैं स्वयं तुम्हारे नाम से मशरिकुल–अश्कार के लिए दान दे देता। तुम्हारा यह कृत्य आत्मत्याग की उदात्त भावना का परिचायक है। तुमने वस्तुतः अपना जीवन बलिदान कर दिया है और इसके लिए महान आध्यात्मिक परिणाम तुम पाओगी। विश्वास रखो कि दिन–ब–दिन तुम अपनी दृढ़ता और अटलता में वृद्धि करोगी। बहाउल्लाह की अनुकम्पायें तुम्हें आच्छादित करेंगी और उच्च लोक के आनन्द भरे सुसमाचार समय–समय पर तुम्हें प्राप्त होते रहेंगे। भले ही तुमने अपने केश बलिदान किये हैं फिर भी तुम दिव्य चेतना से भर दी जाओगी और भले ही यह तुम्हारे शरीर का नाशवान हिस्सा था जो तुमने ईश्वर की राह में न्योछावर किया है, तुम्हें दिव्य उपहार मिलेंगे, स्वर्गिक सौन्दर्य के तुम्हें दर्शन होंगे, तुम अमर महिमा प्राप्त करोगी और शाश्वत जीवन भी प्राप्त करोगी।"

निवेदन

मित्रों, अपने समुदायसमूह में होने वाली मूल गतिविधियों की रिपोर्ट तथा प्रेरणादायक घटनायें फोटोग्राफ के साथ हमें समय–समय पर भेजते रहें, जिससे की हम उन्हें अपने बहाई समाचारपत्र में प्रकाशित कर सकें।

धन्यवाद !

कोविड की दूसरी लहर के दौरान मध्यप्रदेश में किए गए सेवा कार्य

पृष्ठ 1 का शेष

लगवाने में मदद मिल सके। इसके बाद टीकाकरण के दूसरे चरण में 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं को टीका लगवाने की जानकारी दी गई और सभी का उत्साहवर्द्धन किया गया और यह अभी भी प्रक्रिया जारी है।

4. एक डिजिटल कार्यक्रम के माध्यम से सभी को मास्क का उपयोग, साबुन से हाथ धोने और दो गज की दूरी बनाए रखने के बारे में विस्तार से बताया गया, जो कि कोविड–19 बीमारी की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण है। सभी के लिए घर में रहना, सुरक्षित रहना और सावधानियों का पालन करना आवश्यक था, इसलिए सभी को विभिन्न प्रकार के डिजिटल पोस्टर बनाकर ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

5. कोविड से संक्रमित लोगों के लिए अस्पतालों में और होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों के घरों में भी मुफ्त भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए गए। प्रतिदिन कुल 400 भोजन पैकेट वितरित किए गए।

6. स्थानीय आध्यात्मिक सभा एवं सामाजिक कार्य समूह के सहयोग से ग्वालियर क्लस्टर के एक अन्य क्षेत्र बोहरापुर में 150 घरों में साबुन, सैनिटाइजर, मास्क, आटा, चावल, तेल का वितरण किया गया।

7. स्थानीय समुदाय के सदस्यों को प्रतिरक्षा बूस्टर किट वितरित किए गए ताकि वे अपनी प्रतिरक्षा को बढ़ावा दें और इस समय के दौरान मजबूत रहें।

8. जब स्थिति खराब हुई, और जब ऑक्सीजन सिलेंडर प्लाज्मा और दवाओं की कमी हो गई, तो समुदाय ने एक साथ आकर जनता के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर, आवश्यक दवाओं और इंजेक्शन की व्यवस्था करने में मदद की।

9. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विशेष प्रार्थना सभाओं के माध्यम से एक आध्यात्मिक वातावरण बनाया गया था। बहाईयों द्वारा मानवजाति के लिए नियमित प्रार्थना सभाएं अभी भी लगातार चल रही हैं, ताकि संकट की इस घड़ी में समुदाय स्वस्थ रहे और उन्हें हमेशा ईश्वर की कृपा प्राप्त हो।



ग्वालियर के मित्रगण कोविड संक्रमितों और जरूरतमंदो के लिए भोजन की व्यवस्था करते हुए

कुल पृष्ठ संख्या–4

बहाई समाचारपत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित फार्म – 4, नियम 8

समाचार का नाम : बहाई समाचारपत्र
रजि नं. : DELHIN / 1966 / 4204 यू नं. (C)-52/2018-19-20
डी.एल. DL (ND) 11/6036/2021-22-23
प्रकाशक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
(बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1)
प्रकाशन स्थान : बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1

मुद्रक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1
मुद्रण स्थान : श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110020
उन व्यक्तियों के नाम जो समाचारपत्र स्वामी हों : राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को इसका स्वामित्व प्राप्त है, जो सोसायटीज़ एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है।

Licenced to post without Pre-Payment Posted at DPSO New Delhi on 10/11.07. 2021
Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg.
New Delhi - 110 001 - INDIA

स्वामी, भारत के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा, जो सोसायटीज एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है, के लिए प्रकाशक, मुद्रक : सुशील कुमार के द्वारा श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110 020 से मुद्रित एवं बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–110 001 से प्रकाशित (सम्पादक : सुशील कुमार)